एक नजर में

गांव-गांव जाकर भक्ति का संदेश देने का लिया संकल्प

नेवरी फाटा। आज की भागदौड़ भरी और यह व्यस्त सांसारिक जीवनशैली में लोगों को भक्ति और आध्यात्मिकता से जोड़ने के उद्देश्य से श्याम भक्त भजन गायिका वर्षा गुप्ता एवं वैष्णवी मेहता ने श्री खाटू श्याम जी का निःशुल्क ताली कीर्तन गांव-गांव जाकर आयोजित करने का संकल्प लिया है। नेवरी फाटा श्री खाटू श्याम मंदिर पर भी कीर्तन में निःशुल्क सेवा देती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोग मोबाइल और सोशल मीडिया में अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं। यदि उसी समय का कुछ हिस्सा भगवान के नाम-स्मरण, भजन और ताली कीर्तन में लगाया जाए तो जीवन में शांति, सकारात्मकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। उनका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों, विशेषकर युवाओं, को धर्म और संस्कारों से जोड़ना तथा घर-घर में बाबा श्याम की भक्ति का संदेश पहुंचाना है। वर्षा गुप्ता एवं वैष्णवी मेहता ने सभी श्याम प्रेमियों से आह्वान किया कि वे अपने गांव एवं मोहल्लों में निःशुल्क ताली कीर्तन का आयोजन कर बाबा श्याम के भजनों का आनंद लें और समाज में प्रेम, सद्भाव एवं धार्मिक चेतना का प्रसार करें।

अतिशेष में भेजे शिक्षक दो साल तक स्कूल से रहे दूर

कांटाफोड़ - शिक्षा विभाग में अटैचमेंट व्यवस्था समाप्त होने के बावजूद कांटाफोड़ संकुल के शासकीय माध्यमिक विद्यालय, डेहरी में पदस्थ सामाजिक विज्ञान शिक्षक लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि करीब दो वर्ष पहले अतिशेष (सरप्लस) शिक्षक के रूप में डेहरी विद्यालय में पदस्थ किए जाने के बावजूद वे नियमित रूप से विद्यालय नहीं पहुंचे, जबकि उनका वेतन लगातार इसी विद्यालय से आहरित होता रहा। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों का कहना है कि उन्होंने आज तक संबंधित शिक्षक को न विद्यालय में देखा और न ही उनसे पढ़ाई की।शासन द्वारा अतिशेष शिक्षकों को उन विद्यालयों में पदस्थ किया जाता है जहां विषय शिक्षकों की कमी होती है, ताकि विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई मिल सके। लेकिन डेहरी विद्यालय में यह उद्देश्य पूरा होता दिखाई नहीं देता। आरोप है कि पदस्थापना के बाद भी संबंधित शिक्षक विद्यालय के बजाय संकुल कार्यालय में कार्यालयीन कार्य करते रहे और सामाजिक विज्ञान की पढ़ाई अन्य शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों के भरोसे चलती रही।15 जुलाई को विद्यालय में कक्षा 7वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान संबंधित शिक्षक का फोटो दिखाया गया। अधिकांश विद्यार्थी उन्हें पहचान तक नहीं सके। विद्यार्थियों ने बताया कि सामाजिक विज्ञान विषय कभी महिला शिक्षिका तो कभी अतिथि शिक्षकों द्वारा पढ़ाया गया, लेकिन संबंधित शिक्षक ने उन्हें कभी कक्षा नहीं पढ़ाई।

विद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले शैक्षणिक सत्र में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 18 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें सामाजिक विज्ञान विषय में दो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि जब नियमित विषय शिक्षक उपलब्ध नहीं थे, तो विद्यार्थियों की शैक्षणिक जिम्मेदारी किसने निभाई।मामले में एक और गंभीर पहलू सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, अतिशेष में डेहरी विद्यालय भेजे जाने के बाद भी संबंधित शिक्षक और संकुल कार्यालय का मोह नहीं छूटा। आरोप है कि संकुल स्तर पर कार्यालयीन कार्य के नाम पर उन्हें लगातार वहीं रखा गया। इतना ही नहीं, शाला प्रभारी के माध्यम से उनके ऑन ड्यूटी (ओडी) आवेदन भी स्वीकृत होते रहे। यदि जांच में यह तथ्य सही पाए जाते हैं तो मामला केवल एक शिक्षक की अनुपस्थिति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विभागीय स्तर पर नियमों की अनदेखी और मिलीभगत की भी पुष्टि हो सकती है।शाला प्रभारी माधव सिंह वास्केल ने बताया कि संबंधित शिक्षक संकुल कार्यालय में कार्यालयीन कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि संकुल प्रभारी के निर्देश पर ओडी स्वीकृत की गई, क्योंकि वे उनके वरिष्ठ अधिकारी हैं।इस संबंध में बीईओ कन्नौद लखन सोलंकी ने कहा, संकुल प्राचार्य से पूरे मामले की जानकारी ली जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं डीईओ देवास राजीव सूर्यवंशी ने कहा, मामला मेरे संज्ञान में आया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। डेहरी विद्यालय का यह मामला अब केवल एक शिक्षक की अनुपस्थिति का नहीं रह गया है। जांच में यह स्पष्ट होगा कि अतिशेष शिक्षक को विद्यालय से दूर रखकर संकुल कार्यालय में कार्य कराने का निर्णय किस स्तर पर लिया गया, उनकी उपस्थिति और वेतन की प्रक्रिया किस आधार पर संचालित होती रही तथा ओडी स्वीकृति किन परिस्थितियों में दी गई।

किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस ने फूंका पुतला

देवास/शिप्रा। किसान कांग्रेस के देवास जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में शनिवार को हाटपिपलिया विधानसभा के शिप्रा में पहले तो जंगी विरोध प्रदर्शन किया फिर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना का पुतला दहन किया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान कांग्रेस एवं कांग्रेस नेता, किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

पुतला जलाने के दौरान पुलिस एवं कांग्रेसजनो में जबरदस्त छीना झपटी हुई बावजूद किसान कांग्रेस के नेता शिप्रा में पुतला जलाने में कामयाब हो गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने बताया कि किसानों की प्रमुख मांग की ई टोकन खाद व्यवस्था तत्काल बंद की जाए,किसानों की देवास जिले में विभिन्न योजनाओं जैसे लैंड पुलिंग,आउटर रिंग रोड,इंदौर बुधनी रेलवे लाइन,विकास प्राधिकरण में अधिग्रहण की गई भूमि का उचित मुआवजा दिया जाए,शिप्रा से लेकर बड़ा टिगरिया रोड को जल्द बनाया जाये,शिप्रा नदी में करोड़ो रुपए बर्बाद करने के बावजूद सफाई नहीं होने एवं गंदगी साफ़ करने को लेकर,मूंग की 100 प्रतिशत सरकारी खरीदी सुनिश्चित की जाए,ओलावृष्टि के कारण फसल का नुकसान हुआ है उसका मुआवजा दिया जाए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता ईश्वरसिंह देवड़ा प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस,उस्मान गनी प्रदेश सचिव,प्रेम नारायण पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. रजनीश पटेल जिला उपाध्यक्ष हंसराज मंडलोई,जसवंतपुरी पटलावदा, जीवन पटेल ब्लाक अध्यक्ष कालूसिंह राजपूत,युनुस ठेकेदार, सुनील यादव कोषाध्यक्ष, जितेन्द्र दा किसान नेता, धर्मेन्द्र जायसवाल,प्रथम भोजक, केदार नेताजी,इमरान नेता, अमित पटेल, राकेश खुवारे सेवादल, गोपी सरपंच अनुसूचित ब्लाक अध्यक्ष, सौरभ पटेल,मोहनसिंह पटेल, संजय पटेल, इस्माईल भाई एवं किसान कांग्रेस, कांग्रेस युवा नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत सांवेर की महिला सरपंच को पति ने पीटा

सोनकच्छ। क्षेत्र की ग्राम पंचायत सांवेर की महिला सरपंच अयोध्या बाई के साथ उसके पति ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी अयोध्याबाई ने उसके इलाज कराने जाने के लिए स्विफ्ट कार की चाबी पति से मांगी तो पति रमेश भारती महाराज ने उसके साथ मारपीट कर दी और जमकर सरपंच के साथ अभद्रता की। मारपीट में महिला को पैर में चोट आई है।पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है।

शिव मंदिर परिसर में लगाए छायादार एवं फलदार पौधे

देवास।पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी संगठन द्वारा शनिवार को शिव मंदिर परिसर में भव्य पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना भरोसिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं प्रतिभा ग्लोबल स्कूल, लविंग ब्लोम्स के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना भरोसिया ने सभी उपस्थितजनों को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि मानव जीवन, कृषि और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का आधार भी हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया।

ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क की जांच तेज, मनीष पमनानी की तलाश कर रही पुलिस

- पूछताछ में कई नाम आए सामने, लेनदेन की डायरी भी तलाश रही टीम
- नाना पटवारी और उसके साथी सुमित मंत्री से भी की पूछताछ

नव भारत न्यूज

इंदौर. राजेंद्र नगर पुलिस की ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क के खिलाफ जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, कई खुलासे हो रहे हैं. मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय कौशल से पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारियां मिली हैं. उसके बयान के आधार पर पुलिस अब महू नाका निवासी मनीष पमनानी और उसके एक अन्य साथी की तलाश कर रही है. वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी और उसके साथी सुमित मंत्री से भी पूछताछ की गई है. पुलिस का कहना है कि फिलहाल नाना पटवारी के खिलाफ संगठित सट्टा नेटवर्क में शामिल होने के पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले हैं, लेकिन जांच जारी है. पुलिस पूछताछ में संजय कौशल ने बताया कि उसे ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के लिए ऑलपैनएक्स और ग्रैंडएक्स डॉट कॉम की बेटिंग आईडी मनीष पमनानी उपलब्ध कराता था. पुलिस को आशंका है कि पमनानी की गिरफ्तारी के बाद नेटवर्क से जुड़े कई और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं. संजय ने यह भी बताया कि जूनी इंदौर और भंवरकुआ क्षेत्र के कुछ सटोरिए भी इसी नेटवर्क के जरिए संपर्क में थे. हालांकि पुलिस ने इस संबंध में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है.

मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी नरेंद्र रावत ने जांच के लिए विशेष टीम गठित की है. गुरुवार को गिरफ्तार संजय कौशल, मनीष जादौन, दिनेश उर्फ लल्ला चौहान और प्रीतेश त्रिपाठी को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड मांगा, ताकि नेटवर्क के अन्य सदस्यों और वित्तीय लेनदेन की जानकारी जुटाई जा सके. पूछताछ के दौरान संजय कौशल ने एक ऐसी डायरी का भी जिक्र किया है, जिसमें ऑनलाइन सट्टे के लेनदेन का पूरा हिसाब-किताब दर्ज होने की बात सामने आई है. पुलिस अब उस डायरी की तलाश कर रही है. अधिकारियों का मानना है कि डायरी मिलने पर नेटवर्क से जुड़े कई लोगों के नाम और लेनदेन का ब्योरा सामने आ सकता है.

सतवास सेवानिवृत शिक्षक संघ ने बच्चों को बांटे स्कूल बैग

सतवास। बच्चे अपना अध्ययन कार्य अच्छे से करे, अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। नियमित शाला जाकर सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त करे, शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं का सदुपयोग करे किन्तु अध्ययन कार्य में किसी भी प्रकार की सामग्रियों की आवश्यकता है तो बच्चों को वे सभी सुविधाएं संघ मुहैया कराने का प्रयास करेगा।

संघ द्वारा एसी शालाओं को चिन्हित किया गया है तथा उन पर कार्ययोजना चल रही है, उक्त बात सेवानिवृत्त शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र सोलंकी ने संघ द्वारा आयोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम सतवास तहसील के शासकीय प्राथमिक विद्यालय उन्हेल मे कहीं द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मांगीलाल चौधरी ने की मुख्य अतिथि प्रमोद गौर थे। प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन से हुआ, अतिथियों का स्वागत शाला के शिक्षक नर्मदा प्रसाद यादव, वाहिद खान ने किया।

15 एमएलडी पम्प टैंक की रविवार को होगी सफाई

देवास। क्षिप्रा स्थित ट्रिटमेंट प्लांट पर, 15 एमएलडी पम्प के सी एल एफ फागुलेटर (टेंक) मे जमी गाद(मिटट्) की सफाई की जावेगी, ताकी जल की गुणवत्ता बनी रहे। नगर निगम जलप्रदाय विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार 19 जुलाई को सुबह क्षिप्रा प्लांट पर 15 एमएलडी पम्प के सी एल एफ फागुलेटर (टेंक) की सफाई की जावेगी, इस हेतु 19 जुलाई को 15 एमएलडी ट्रिटमेंट प्लांट का शट्डाउन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। 15 एमएलडी प्लांट पर फागुलेटर (टेंक) की सफाई कार्य होने से 19 जुलाई रविवार को 15 एमएलडी प्लांट से शहर की निम्न टंकियों मे सनसिटी, आनंदऋषि आनंद टंकी, पाठनकुआ टंकी, गिरीराजधाम टंकी से होने वाला जलवितरण प्रभावित होगा। इन टंकियो से 19 जुलाई रविवार को संबंधित क्षेत्रों मे होने वाला जल वितरण, 20 जुलाई सोमवार को इन सभी टंकियों मे पर्याप्त मात्रा जल भरने के पश्चात् जल वितरण किया जा सकेगा।

अज्ञात वाहन की टक्कर से हाट बाजार जा रहे छोटे भाई की मौत, बड़ा घायल

इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र में गुरुवार रात हाट बाजार जा रहे बाइक सवार दो सगे भाइयों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई घायल हो गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है. हादसा ओमैक्स सिटी के पास हुआ, बाइक पर सवार रोहित उम्र 18 साल और उसका बड़ा भाई राकेश हाट बाजार में खरीदारी करने जा रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को महाराणा प्रताप अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान रोहित ने दम तोड़ दिया.

सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सन्नौड़ के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

सन्नौड़ (देवास)। सांदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सन्नौड़ के छात्र-खिलाड़ियों ने देवास में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों ने अनुशासित खेल, उत्कृष्ट टीम भावना और बेहतरीन प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के कृष्णा चौहान, ललित पटेल, रणविजय चावड़ा एवं देवेन्द्र चौधरी का जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। यह विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। विद्यालय के नवनियुक्त खेल शिक्षक कल्याण बमणका के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण में खिलाड़ियों ने यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। पदभार ग्रहण करने के कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में विद्यालय की टीम ने यह उपलब्धि हासिल कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व कृष्णा चौहान, ललित पटेल, रणविजय चावड़ा, देवेन्द्र चौधरी, लक्की बघेला, आर्यन सिसोदिया, दीपक चौहान, बंशी परमार, विशाल परमार, आर्यन परमार एवं कृष्णा बैरागी ने किया।

विद्यालय के प्राचार्य मेहरबान सिंह पारसनिया, प्रधान अध्यापक (माध्यमिक विद्यालय) राजेश पटेल एवं प्रधान अध्यापक (प्राथमिक विद्यालय) देवेन्द्र मुकाती ने खिलाड़ियों एवं खेल शिक्षक कल्याण बमणका को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

वेलप्रकृति अभियान के तहत 250 पौधों का वितरण

- वेलस्पन फाउंडेशन ने पांच पंचायतों के लिए वाहन रवाना किया
- प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए थीम पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

देवास। वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज द्वारा संचालित वेलप्रकृति अभियान के अंतर्गत शनिवार, 18 जुलाई को पर्यावरण संरक्षण और जलवायु जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 250 पौधों का वितरण अभियान प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर देवास प्लांट से प्लांट मैनेजर संजय योगी ने हरी झंडी दिखाकर पौधों से भरे वाहन को रवाना किया। ये पौधे खटम्बा, अचलूखेड़ी, चंदाना, लिम्बोदा और सन्नौड़ पंचायतों में वेलस्पन फाउंडेशन की विभिन्न गतिविधियों के प्रत्यक्ष लाभार्थियों को वितरित किए जाएंगे।

फाउंडेशन द्वारा प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए थीम के साथ संचालित इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना, हरित आवरण बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। फाउंडेशन ने लाभार्थियों से पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल करने का भी आग्रह किया, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

एक नजर ▶ बैराज डैम के बाद अब ग्राम काकड़ादा पंचायत के ग्राम महुडी में बने घटिया स्टाफ डैम का सामने आया मामला

पूर्व मंत्री वर्मा सहित कांग्रेस नेताओं ने किया महुडी स्थित डैम का निरीक्षण

भौंरासा। आज पूर्व मंत्री व सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने ग्राम महुडी के ग्रामीणों की शिकायत पर काकड़ादा ग्राम पंचायत के ग्राम महुडी में बने डैम का निरीक्षण किया।

गांव के लोगों ने बताया कि यह डैम लगभग 2 करोड़ 88 लाख रुपए की लागत से भोपाल के ठेकेदार द्वारा बनाया गया है। वही इस डैम के पानी भराव की क्षमता व लागत एवं कौन से सन में यह डैम बना है वह इसकी ऊंचाई कितनी है कुछ भी जानकारी या बोर्ड यहां पर नहीं लगाया गया है वही इस डेम में अभी कुछ दिनों पूर्व हुई बारिश में पानी तो बारिश में भरा गया था लेकिन इसमें पानी टिक नहीं पाया। इस डैम में जो भी गेट बने हैं वह डूब गए हैं आसपास से मिट्टी खसक रही है पानी से मिट्टी कट कर निकल रहा है कुल मिलाकर इस डेम को जिस उद्देश्य से बनाया गया है। वह इसमें पूरा होने की संभावना नहीं क्योंकि इसमें पानी रुक ही नहीं रहा है वही सूत्र बताते हैं कि इस ठेकेदार ने इस डैम को बनाने के लिए न तो ग्राम पंचायत से बनाने के लिए एनओसी ली गई है और ना ही इसे बनाने के बाद ग्राम पंचायत को देख रेख के लिए सप्रुद किया गया है जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों ने पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को अवगत कराया इसके बाद आज पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने ग्राम महूडी में स्थित डैम का निरीक्षण किया पूर्व मंत्री वर्मा ने डैम का निरीक्षण कर कहा कि अभी पिछले दिनों ही हाटपिपलिया व सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत होशियारी मकोडिया मार्ग पर निर्माणधीन बैराज डैम पिछले दिनों शिप्रा नदी के तेज बहाव में ही बह गया इसके बाद से ही यह मुद्दा चर्चा में बना हुआ है। यह मामला जल संसाधन मंत्री के विधानसभा क्षेत्र का होने से और भी ज्यादा तूल पकड़ा हुआ था वह यह मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि आज ग्राम पंचायत काकड़ादा के ग्राम महुडी में पूर्व मंत्री व सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने सोनकच्छ विधानसभा के कांग्रेस नेताओं के साथ महूडी डैम का निरीक्षण किया वही वर्मा ने महूडी में बने स्टाफ डैम निर्माण के दौरान हुई गंभीर अनियमिताए व घटिया सामग्री का उपयोग करने के आरोप भी लगाए हैं पूर्व मंत्री वर्मा ने कहा कि डैम निर्माण करने वाली एजेंसी एवं अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाना चाहिए एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए इस तरह से जनता के धन की बर्बादी करना ठीक नहीं है साथ ही मांग की की शीघ्र इस महूडी डैम का देवास जिला कलेक्टर को निरीक्षण कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

घर पर पति नहीं मिला तो बदमाशों ने पत्नी को धमकाया

- हाथ में लोहे का चाकू लेकर पहुंचे चार युवक
- बोले...आज उसे जान से मार देंगे

नव भारत न्यूज

इंदौर. जूनी इंदौर क्षेत्र में चार युवक एक महिला के घर पहुंच गए और उसके पति के बारे में पूछताछ करने लगे. आरोप है कि एक युवक के हाथ में लोहे का चाकू था. पति के घर पर नहीं मिलने पर आरोपियों ने महिला से गाली गलौज की और दंपती को जान से मारने की धमकी देकर चले गए. पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस के अनुसार, बीके हरिजन कॉलोनी में रहने वाली शीतल संदवाने ने पुलिस को बताया कि वह गुरुवार शाम अपने घर के बाहर खड़ी थी. इसी दौरान कॉलोनी के ही रहने वाले सुनील पैमाल, गोलू उर्फ अंकित पैमाल, शुभम पैमाल और सौरभ पैमाल वहां पहुंचे. आरोप है कि शुभम के हाथ में लोहे का चाकू था. उसने आते ही शीतल से पूछा कि उसका पति लखन संदवाने कहां है और कहा कि आज उसे जान से मार देगा. महिला ने बताया कि पति के घर पर नहीं होने की बात कहने पर चारों आरोपी भड़क गए. उन्होंने महिला और उसके पति को गालियां दीं और दोनों को जान से खत्म करने की धमकी दी. घटना के बाद पीड़िता ने जूनी इंदौर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है.